आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 03.04.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक 2026 के पारित होने को जीवन यापन और व्यापार में सुगमता के लिए महत्वपूर्ण बताया।
- सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।
- उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा–राज्य सरकार उच्च शिक्षा में शैक्षिक गुणवत्ता, नवाचार, प्रयोगात्मक व शोधात्मक गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दे रही है।
- चार धाम यात्रा को लेकर शासन प्रशासन अपनी तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक 2026 के पारित होने से देश में जीवन यापन और व्यापार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विधेयक विश्वास पर आधारित ढांचे को मजबूत करता है।

संसद ने जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक 2026 पारित कर दिया है। राज्यसभा ने इसे कल मंजूरी दी थी। लोकसभा ने इस विधेयक को बुधवार को पारित कर दिया था।

यह विधेयक जीवन यापन और व्यापार सुगमता के लिए विश्वास पर आधारित शासन को और मजबूत करने के लिए कुछ कानूनों में संशोधन करता है, ताकि कुछ अपराधों को गंभीर अपराध की श्रेणी से बाहर किया जा सके और उन्हें तर्कसंगत बनाया जा सके।

विधेयक छोटे अपराधों को उसके अनुपात में जुर्माने और दंड को संशोधित करने जैसे उपाय लागू करेगा। इसमें 23 मंत्रालयों द्वारा प्रशासित 79 केंद्रीय अधिनियमों में संशोधन का प्रस्ताव है।

गृह मंत्री

गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा कि संसद में जन विश्वास विधेयक 2026 का पारित होना जीवन और व्यापार को सुगम बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि यह विधेयक कई कानूनी प्रावधानों को कम करके सभी के लिए जीवन को आसान और व्यापार को सरल बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत के सपने को साकार करता है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने इस संबंध में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है। सचिव ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में अफवाहें और गलत सूचनाएँ फैलती जा रही हैं, जिससे लोग अनावश्यक चिंता और घबराहट में खरीदारी कर रहे हैं। डॉ. मित्तल ने कहा कि वर्तमान में केवल 17 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ही नियमित या समय–समय पर प्रेस ब्रीफिंग कर रहे हैं। उन्हें सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से सटीक जानकारी का समय पर प्रसार सुनिश्चित करने और नियमित जनसंचार बढ़ाने को कहा गया है। राज्यों को जमाखोरी, हेराफेरी और घबराहट पैदा करने वाली गलत सूचनाओं के प्रसार पर कड़ी निगरानी रखने की भी सलाह दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं, कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

चारधाम यात्रा

आगामी 19 अप्रैल से शुरू होने वाली चार धाम यात्रा को लेकर शासन प्रशासन अपनी तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। चार धाम यात्रा में यातायात व्यवस्था को लेकर इस बार उत्तराखंड पुलिस ने खास प्लान तैयार किया है। आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने बताया कि पूरे यात्रा को मॉनिटर करने के लिए एक कंट्रोल रुम बनाया गया है जिसका सुपरविजन सीओ लेवल के अधिकारी करेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा मार्ग को 137 सेक्टर में बांटा गया है, 10–10 किलोमीटर के इन सेक्टर में दिन रात की पाली में 4–4 कॉन्स्टेबल की तैयारी मोटरसाइकल के साथ रहेगी। आई जी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने बताया कि अत्यधिक भीड़ होने की स्थिति में होल्डिंग एरिया भी बनाए गए है साथ ही आपदा की स्थिति में हॉट स्पॉट पर एसडीआरएफ की तैनाती भी की गई है।

नैनीताल

प्रदेश में वर्षों से प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षा मित्रों को नियमित करने को लेकर दायर याचिकाओं पर उच्च न्यायालय ने सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे इस सम्बंध में दो सप्ताह के भीतर अपना प्रत्यावेदन सक्षम अधिकारी को दें और सक्षम अधिकारी उनके प्रत्यावेदन पर आठ सप्ताह के भीतर विधि अनुसार निर्णय लें।

इस मामले की सुनवाई के बाद उनकी याचिका अंतिम रूप से निस्तारित कर दी गयी।मामले के अनुसार शिक्षामित्र मीना आर्या, गुलशन राजा ,रविता और अन्य ने उच्च न्यायलय में अलग–अलग याचिकाएँ दायर कर कहा कि वे प्राथमिक स्कूलों में शिक्षा मित्र के तौर पर वर्ष 2005 से नियमित सेवाएं दे रहे हैं। उनके पास प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा होने के साथ ही स्नातक की डिग्री भी हैं। साथ ही उन्होंने टीईटी परीक्षा भी उत्तीर्ण की है।

उच्च शिक्षा विभाग

उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित एमबी पीजी कॉलेज हल्द्वानी एवं कोटद्वार महाविद्यालय में स्थापित विज्ञान प्रयोगशालाओं को हाईटेक बनाया जायेगा। दोनों महाविद्यालयों की प्रयोगशालाओं के उच्चीकरण को 4 करोड की धनराशि जारी कर दी गई है। दोनों महाविद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशालाओं को आईआईटी कानपुर के सहयोग से उच्चीकृत किया जायेगा, जिससे कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को आधुनिक उपकरणों के जरिये प्रयोगात्मक एवं शोधात्मक प्रशिक्षण मिल सके। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा में शैक्षिक गुणवत्ता, नवाचार, प्रयोगात्मक व शोधात्मक गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दे रही है। इसी क्रम में प्रदेशभर के राजकीय महाविद्यालयों में स्थापित प्रयोगशालाओं को उच्चीकृत कर हाईटेक बनाया जायेगा।

पौड़ी

ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और वन आधारित आजीविका को मजबूत करने की दिशा में पौ़ड़ी गढ़वाल वन प्रभाग ने एक अहम पहल की है। वन विभाग द्वारा कंडोलिया वन पंचायत के अंतर्गत पंचायती वन क्षेत्र में बोर होल पद्धति से लीसा विदोहन के लिए महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पौड़ी, खिर्सू और कोट विकासखंड की विभिन्न महिला समूहों की करीब 60 से 70 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को लीसा विदोहन की आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों से अवगत कराया गया। साथ ही बोर होल पद्धति के सुरक्षित उपयोग और उपकरणों के संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी कराया गया, जिससे वे स्वयं इस कार्य को करने के लिए सक्षम हो सकें। डीएफओ गढ़वाल महातिम यादव ने बताया कि वन विभाग और ग्राम पंचायत द्वारा चिह्नित स्थलों पर जल्द ही लीसा विदोहन का कार्य शुरू किया जाएगा, जिससे महिलाओं को सीधे तौर पर रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

मौसम

प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। देहरादून समेत कई जिलों में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई पर्वतीय जिलों में वर्षा, गर्जन और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है, जबकि कुछ मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रह सकता है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जनपदों के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा, गर्जन के साथ बारिश तथा 3500 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है। राज्य के अन्य पर्वतीय जनपदों और हरिद्वार में कहीं–कहीं बहुत हल्की से हल्की वर्षा हो सकती है, जबकि उधमसिंह नगर में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।